**Code No.** **61/2**
**कोड नं.**

- Please check that this question paper contains **8** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# HISTORY
# इतिहास

*Time allowed : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*
*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*
*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*
*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*
*(v) Attach the maps with the answer scripts.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*
*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*
*(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*

## MODERN INDIA
## आधुनिक भारत

**1.** Briefly explain any two main contributions of the Peshwa, Balaji Vishwanath in strengthening the Maratha empire. 2

मराठा साम्राज्य को सबल बनाने के लिए पेशवा बालाजी विश्वनाथ के किन्हीं दो प्रमुख योगदानों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

**2.** Mention the two proposals given by Raja Rammohan Roy to promote internationalism. 2

अंतर्राष्ट्रीयता को बढ़ाने के लिए राजा राममोहन राय द्वारा दिए गए दो प्रस्तावों का उल्लेख कीजिए।

3. Explain the far-reaching effects of the Councils Act of 1861. 2
1961 के काउंसिल ऐक्ट के दूरगामी प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

4. Explain the nature of the political developments in Pondicherry during the course of the freedom struggle. When was Pondicherry liberated ? 4+1=5

**OR**

Explain the demands of the 'Muslim League' for Pakistan. When did the League raise the demand ?

स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान पांडिचेरी में राजनीतिक घटनाक्रमों के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। पांडिचेरी को कब मुक्त किया गया ?

**अथवा**

पाकिस्तान के लिए 'मुस्लिम लीग' की माँगों को स्पष्ट कीजिए। लीग ने यह माँग कब रखी थी ?

5. What is meant by Swadeshi and Boycott movements ? Explain any two effects of these movements. 3+2=5

**OR**

Explain the meaning of Aligarh movement as understood during the freedom struggle. Explain the significance of the movement. 2+3=5

स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलनों का क्या आशय है ? इन आन्दोलनों के किन्हीं दो प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

स्वतंत्रता संघर्ष के दौर में अलीगढ़ आंदोलन का आशय स्पष्ट कीजिए। इस आंदोलन का महत्त्व भी स्पष्ट कीजिए।

6. Who founded the Satya Shodhak Mandal in Maharashtra ? Describe the significance of the organisation in modern India. 1+4=5

**OR**

Describe the nature of political developments preceding the formation of the Indian National Congress. Mention any organisation which can be called as the predecessor of the Congress. 4+1=5

महाराष्ट्र में सत्य शोधक मंडल की स्थापना किसने की ? आधुनिक भारत में इस संस्था की महत्ता का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन के पूर्व के राजनीतिक घटनाक्रमों के स्वभाव का वर्णन कीजिए। किसी ऐसी संस्था का नामोल्लेख कीजिए जिसे कांग्रेस की पूर्ववर्ती कहा जा सके।

**7.** Explain the meaning of Provincial Autonomy as proposed in the Act of 1935. Explain the Congress attitude to the proposals of the Act of 1935. 3+2=5

**OR**

Explain the main contributions of Dr. B.R. Ambedkar in the making of modern India. Mention an organisation founded by him. 4+1=5

1935 के अधिनियम में प्रस्तावित प्रांतीय स्वायत्तता का आशय स्पष्ट कीजिए। 1935 के अधिनियम के प्रस्तावों के प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के प्रमुख योगदानों को स्पष्ट कीजिए। उनके द्वारा स्थापित किसी एक संगठन का नामोल्लेख कीजिए।

**8.** Describe the meaning of revolutionary movements in the context of the Indian freedom struggle. Discuss three main reasons for the rise of such movements. 2+3=5

**OR**

Describe the main provisions of the Morley-Minto Reforms. Describe the nationalists' attitude to the reforms.

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के संदर्भ में क्रांतिकारी आन्दोलनों के तात्पर्य का वर्णन कीजिए। ऐसे आंदोलनों के उठ खड़े होने के तीन प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

मॉर्ले-मिंटो सुधारों के प्रमुख प्रावधानों को वर्णन कीजिए। इन सुधारों के प्रति राष्ट्रवादियों के रुख का वर्णन कीजिए।

**9.** Explain how the Doctrine of Lapse was responsible for the outbreak of the Revolt of 1857. Explain the immediate cause of the revolt. 5+3=8

**OR**

Examine the nature of the Revolt of 1857. Can it be called the First War of Indian Independence ?

स्पष्ट कीजिए कि 1957 के विद्रोह के लिए राज्य-अपहरण नीति (Doctrine of Lapse) किस प्रकार उत्तरदायी थी। विद्रोह के तात्कालिक कारण को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

1857 के विद्रोह के स्वरूप का परीक्षण कीजिए। क्या इसे भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहा जा सकता है ?

**10.** Explain the traditional trade routes between India and Europe in the medieval times. Examine the main changes with regard to the trade routes after 1453. 3+5=8

**OR**

Which particular development made the English East India Company a political power in the 1760s ? Explain the nature of dual administrative system during the period. Why was the system withdrawn ? 2+4+2=8

मध्य युग में भारत और यूरोप के बीच पारंपरिक व्यापार मार्गों को स्पष्ट कीजिए। 1453 के बाद व्यापार मार्गों में हुए प्रमुख परिवर्तनों का परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

किस विशेष घटना के कारण 1760s के दशक में अंग्रेजों की ईस्ट इंडिया कम्पनी एक राजनीतिक शक्ति बन गई ? इस काल की द्वैध शासन प्रणाली के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। यह प्रणाली समाप्त क्यों की गई ?

**11.** Explain the reasons for the formation of the Swaraj Party. Describe its role in the freedom struggle of India. 4+4=8

**OR**

Read the following statement and answer the questions that follow :

"After leading a popular movement for twenty years and continuous struggle of trying to solve problems and asking for concessions he has received brickbats instead of food ... the Indians should no longer be satisfied with mere mendicancy neither should they beg the English for concessions."

(i) Explain the context in which this statement was made.

(ii) This statement marked the beginning of a new phase in the freedom movement. What was this new phase ?

(iii) What did this change signify ?

(iv) Explain the differences between the Moderates and the Extremists. 2+1+1+4=8

स्वराज पार्टी के गठन के कारणों को स्पष्ट कीजिए। भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में इसकी भूमिका का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित वक्तव्य को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''बीस वर्षों तक एक लोकप्रिय जनांदोलन का नेतृत्व करने और कठिनाइयों को दूर करने तथा रिआयतें प्राप्त करने के प्रयास में निरंतर संघर्ष करने के बाद उन्हें रोटी के बदले पत्थर ही मिले हैं ... भारतीयों को अब केवल भिक्षावृत्ति से सन्तुष्ट नहीं होना चाहिए, न ही उन्हें अंग्रेजों से रिआयतों की भीख माँगनी चाहिए।''

(i) उपर्युक्त वक्तव्य किस सन्दर्भ में दिया गया ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) इस वक्तव्य के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में एक नया मोड़ आ गया। वह नया मोड़ क्या था ?

(iii) यह परिवर्तन क्या दर्शाता है ?

(iv) उदारवादियों और उग्र राष्ट्रवादियों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**12.** On the given political map of **India** (on page 9) mark and label the following : 5

Any five states which were under the protected area of East India Company in 1818.

**OR**

(i) Two major centres of the Revolt of 1857 in Tamil Nadu.

(ii) Two major centres of the Revolt of 1857 in Maharashtra.

(iii) The place where Mangal Pandey refused to bite the greased cartridge in 1857.

दिए गए **भारत** के राजनीतिक मानचित्र (पृष्ठ 9) पर निम्नलिखित को चिह्नित कर उनके नाम लिखिए :

कोई पाँच राज्य जो 1818 में ईस्ट इंडिया कम्पनी के संरक्षित क्षेत्र में थे।

**अथवा**

(i) तमिल नाडु में 1857 में 1857 के विद्रोह के दो प्रमुख केन्द्र।

(ii) महाराष्ट्र में 1857 के विद्रोह के दो प्रमुख केन्द्र।

(iii) वह स्थान जहाँ पर 1857 में मंगल पांडे ने चर्बी वाले कारतूसों को दाँतों से काटने से मना कर दिया था।

***Note :*** *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 12.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर है।*

Write the name of any five states which were under the protected area of East India Company in 1818.

**OR**

(i) Mention the name of two major centres of the Revolt of 1857 in Tamil Nadu.

(ii) Mention the name of two major centres of the Revolt of 1857 in Maharashtra.

(iii) Mention the name of the place where Mangal Pandey refused to bite the greased cartridge in 1857.

किन्हीं पाँच राज्यों के नाम लिखिए जो 1818 में ईस्ट इंडिया कम्पनी के संरक्षित क्षेत्र में थे।

**अथवा**

(i) तमिल नाडु में 1857 के विद्रोह के दो प्रमुख केन्द्रों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) महाराष्ट्र में 1857 के विद्रोह के दो प्रमुख केन्द्रों का नामोल्लेख कीजिए।

(iii) उस स्थान का नामोल्लेख कीजिए जहाँ पर 1857 में मंगल पांडे ने चर्बी वाले कारतूसों को दाँतों से काटने से मना कर दिया था।

## CONTEMPORARY WORLD HISTORY

## समसामयिक विश्व इतिहास

**13.** Why was Russia not a member of the League of Nations ? 2

रूस राष्ट्र-संघ का सदस्य क्यों नहीं था ?

**14.** Give one reason why Japan's attack on the Pearl Harbour was important in World War II. 2

एक कारण देते हुए बताइए कि द्वितीय विश्व युद्ध में पर्ल हार्बर जापान का आक्रमण क्यों महत्त्वपूर्ण था।

**15.** How has genetic engineering helped scientists in the 1980s and 1990s ? 2

1980s और 1990s के दशकों में आनुवंशिक इंजीनियरिंग ने वैज्ञानिकों की सहायता किस प्रकार की ?

**16.** What is Euro ? 2

यूरो का क्या तात्पर्य है ?

**17.** Explain how elasticity or flexibility is a characteristic of the contemporary world history. Mention two other characteristics of contemporary world history. 3+2=5

**OR**

Explain the basis of Triple Alliance formed before the World War I. Mention any of its consequences. 4+1=5

स्पष्ट कीजिए कि नम्यता या लचीलापन समसामयिक विश्व इतिहास की विशेषता कैसे है। समसामयिक विश्व इतिहास की दो अन्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

स्पष्ट कीजिए कि प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व गठित त्रिराष्ट्रीय संधि का आधार क्या था। इसके किसी परिणाम का उल्लेख कीजिए।

**18.** Mention one main theme of art works of Raja Ravi Verma. 2

राजा रवि वर्मा की कलाकृतियों की एक प्रमुख विषय-वस्तु का उल्लेख कीजिए।

**19.** Mention one main reason for the Islamic Revolution of 1978 in Iran. 2

ईरान में 1978 की इसलामी क्रांति के एक प्रमुख कारण का उल्लेख कीजिए।

**20.** Describe the main reasons for the rise of Fascists to power in Italy and mention one of its effects on Italy. 4+1=5

**OR**

What was the nature of the social problems in USA during the inter-World War period ? Mention any reason for such problems.

इटली में फासीवादियों के सत्ता तक पहुँचने के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए और इसके इटली पर पड़े एक प्रभाव का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

विश्व युद्धों के बीच के समय में संयुक्त राज्य अमेरिका की सामाजिक समस्याओं का स्वरूप किस प्रकार का था ? ऐसी समस्याओं के कोई कारण का उल्लेख कीजिए।

**21.** Explain the main reasons for the famine in China in 1959. Who led the country during this period ? 4+1=5

**OR**

Examine the nature of US intervention in Kampuchea after World War II. In what way did North Vietnam respond to it ? 3+2=5

चीन में 1959 के दुर्भिक्ष के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। उस समय चीन का नेतृत्व कौन कर रहा था ?

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कंपूचिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के हस्तक्षेप के स्वरूप का परीक्षण कीजिए। उत्तरी वियतनाम ने इसका उत्तर किस रूप में दिया ?

**22.** When did Japan surrender during the World War II ? Explain the main developments which led to her surrender. Discuss two of its main consequences on world politics. 1+5+2=8

**OR**

What is meant by Cold War ? Discuss its main features and also mention the main rivals in the Cold War. 2+4+2=8

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान ने आत्मसमर्पण कब किया ? उससे आत्मसमर्पण कराने वाली प्रमुख घटनाओं को स्पष्ट कीजिए। विश्व राजनीति पर इसके दो प्रमुख परिणामों का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

शीत युद्ध से क्या आशय है ? इसकी प्रमुख विशिष्टताओं का विवेचन कीजिए और शीत युद्ध के प्रमुख प्रतिद्वंदियों का नामोल्लेख कीजिए।

**23.** On the given outline map of **Europe** (on page 11) mark and name any three countries which formed the Central Powers and any two countries which were neutral during the First World War. 3+2=5

**OR**

On the given outline map of **Europe** (on page 11) mark and name any five countries which were in the Communist block during the Cold War period. 5

दिए गए **यूरोप** के रूपरेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11) पर प्रथम विश्व युद्ध के दौरान केन्द्रीय शक्तियों का गठन करने वाले किन्हीं तीन देशों तथा तटस्थ रहने वाले किन्हीं दो देशों को चिह्नित कर उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

दिए गए **यूरोप** के रूपरेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11) पर शीत युद्ध के काल के साम्यवादी गुट से संबद्ध किन्हीं पाँच देशों को चिह्नित कर उनके नाम लिखिए।

***Note :*** *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 23.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर है।*

Mention two countries which belonged to the Central Powers and two neutral countries during the First World War. Describe two effects of the war on the Central Powers.

**OR**

What was the Warsaw Pact ? Mention any four countries which signed the pact.

प्रथम विश्व युद्ध में केन्द्रीय शक्तियों का गठन करने वाले दो देशों और तटस्थ रहने वाले दो देशों का नामोल्लेख कीजिए। केन्द्रीय शक्तियों पर युद्ध के दो प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वार्सा समझौता क्या था ? इस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले किन्हीं चार देशों का नामोल्लेख कीजिए।

For question no. 12

प्रश्न सं. 12 के लिए



For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए

